HINDUSTAN PAGE 6

# बीएड के लिए काउंसलिंग की तैयारी शुरू

लखनऊ| कार्यालय संवाददाता

उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021 में सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कराने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। प्रवेश परीक्षा 6 अगस्त को हो चुकी है, अब परिणाम और काउंसलिंग की प्रक्रिया बाकी है।

बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक डा. अमिता बाजपेई ने बताया कि जिन महाविद्यालयों को बीएड की सीट आवांटित हैं, उन सभी से विवरण मांगा गया है।

राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को विज्ञान एवं कला वर्ग के विवरण के अनुसार के 25 अगस्त तक आवंटित सीटों का विवरण अपलोड करना होगा। बीएड पाठ्यकम संचालित करने वाले महाविद्यालयों को कुलसचिव द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपना विवरण उपलब्ध कराना होगा।

प्रवेश परीक्षा का परिणाम 27 अगस्त को होगा। ऑनलाइन काउंसलिंग 1 सितम्बर और शैक्षिक सत्र 6 सितम्बर से शुरू होगा।

## एलयू ने बीबीए के लिए आईएटीओ से किया करार



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज ने एनईपी 2020 के अनुसार बीबीए (पर्यटन) का पाठ्यक्रम तैयार किया है। जिसमें छात्रों को पढ़ाई के साथ रोजगार से जोड़ने के लिए भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ संस्थान ने आईएटीओ (इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स) के साथ एमओयू किया है। जिसमें योग्य छात्रों को इंटर्नशिप के साथ-साथ जॉब प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज की गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पर्यटन व्यवसाय में नई वितरण प्रौद्योगिकी पर एक पेपर शुरू किया जा रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय पूरे भारत में इस विषय को शामिल करने वाला पहला विश्वविद्यालय है। बीबीए के प्रत्येक सेमेस्टर में 24 क्रेडिट होंगे।

# शोधः दूब घास से कैंसर के इलाज का पता लगाएंगे

लखनऊ| कार्यालय संवाददाता

उत्तर प्रदेश सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के ओएनजीसी सेंटर फॉर एडवांस स्टडी को दो रिसर्च प्रोजेक्ट मिले हैं।

ओएनजीसी के निदेशक मो. सिराजुद्दीन ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत सर्वाइकल कैंसर के अन्तर्गत दूब घास पर रिसर्च करेंगे। आयुर्वेद में माना जाता है कि यह घास एंटी कैंसर और एंटी इन्फ्लामेंट्री है। इस घास पर तीन शोध किए जाएंगे।

सबसे पहले पता करेंगे कि सर्वाइकल कैंसर में भी फायदेमंद है या नहीं। दूसरा प्वाइंट यह रहेगा कि सर्वाइकल कैंसर में जो दवाएं प्रयोग में लायी जा रही हैं उनका असर अगर कम हो रहा है तो उन दवाओं के साथ घास का मिश्रण कर क्या दवा के प्रभाव को बढ़ाया जा सकता है या नहीं। तीसरी रिसर्च यह जानने की रहेगी कि दूब घास में कौन-कौन से ऐसे कम्पोनेंट मौजूद है जो कैंसर को रोकने में सहायक हैं।

**वाइल्ड लाइफ की बनेगी चेक लिस्ट**

ओएनजीसी के निदेशक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वाइल्ड लाइफ एनिमल बायो डायवर्सिटी की प्रजाति और उनकी दशा पर कलर चेक लिस्ट तैयार की जाएगी। इससे पता किया जाएगा कि कौन सी प्रजाति घट रही है और कौन सी बढ़ रही है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग में भी प्रवेश का मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट ने इस साल से एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग में नया कोर्स शुरू किया है, जिसमें विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिलेगा। दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके आवेदन हो चुके हैं हालांकि प्रवेश काउंसिलिंग के समय भी विद्यार्थी इसे वरीयता दे सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार ने बताया कि यह वित्त और लेखा के क्षेत्र में विशेष व्यावसायिक पाठ्यक्रम है। इसका उद्देश्य वित्त और लेखा के क्षेत्र में एक पेशेवर डिग्रीधारक, लेखाकार से लेकर निवेश बैंकर, धन प्रबंधक, व्यक्तिगत वित्त सलाहकार से संबंधित विविध प्रकार के कॅरियर के लिए पीजी स्तर पर युवाओं को तैयार करना है। इसकी डिग्री विद्यार्थियों को विभिन्न फर्मों और कंपनियों, बैंकों, सरकारी विभागों और शैक्षिक एजेंसियों के साथ-साथ अन्य संस्थानों और संगठनों के वित्त और लेखा विभागों में काम करने के योग्य बनाती है। इस कोर्स में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

# अब एडवेंचर और मेडिकल टूरिज्म में भी बनाएं कॅरियर

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज द्वारा संचालित बीबीए पर्यटन पाठ्यक्रम के विद्यार्थी घरेलू पर्यटन, बाहरी पर्यटन के साथ-साथ अब एयर लाइन व कार्गो संचालन, एडवेंचर टूरिज्म व मेडिकल टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में भी अपना कॅरियर बना सकेंगे। संस्थान ने इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अपने पांचवें सेमेस्टर के बाद वैकल्पिक विषयों में शामिल किया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को आयोजित गवर्निंग बोर्ड की ऑनलाइन बैठक में इस पर मुहर लगी। कोर्स में पांचवें सेमेस्टर के बाद वैकल्पिक विषयों को शामिल किया गया है। इसमें इनबाउंड (घरेलू टूर संचालन) व आउट बाउंड टूर संचालन, एयरलाइन, कार्गो संचालन, एमआईसीई पर्यटन, एडवेंचर व वन्यजीव पर्यटन, वेलनेस एंड मेडिकल टूरिज्म एंड स्पेशल इंटरेस्ट टूरिज्म शामिल किया है, जो पूरे कार्यक्रम की यूएसपी होगी। पाठ्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता पर्यटन व्यवसाय में नई वितरण प्रौद्योगिकी का पेपर भी होगा।



बीबीए पर्यटन कोर्स में विशेष इंटर्नशिप कार्यक्रम शामिल

संस्थान समन्वयक प्रो. अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के साथ संस्थान द्वारा हाल ही में एक एमओयू किया गया है, जिसमें छात्रों के लिए इंटर्नशिप के साथ-साथ जॉब प्लेसमेंट भी होंगे। 7वां सेमेस्टर छात्रों को शोध के साथ-साथ खुद को पर्यटन के शिक्षा क्षेत्र में बेहतर करने के लिए तैयार करेगा और आठवें सेमेस्टर में 24 क्रेडिट शामिल होंगे, जो छात्र द्वारा तैयार की गई एक शोध परियोजना पर आधारित होंगे।

उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इस कोर्स को अब नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के अनुसार तैयार किया गया है। इसमें प्रत्येक वर्ष के बाद एंट्री, एग्जिट की सुविधा दी जाएगी। पहले वर्ष के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, दूसरे में डिप्लोमा, तीसरे में डिग्री और चौथे वर्ष में शोध के साथ डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही छात्रों का क्रेडिट बैंक भी होगा। प्रत्येक सेमेस्टर में 24 क्रेडिट होगी। कोर्स 8 सेमेस्टर में होगा।

### शोध लेखन में भाव्या को मिला द्वितीय पुरस्कार



लखनऊ। विधि विश्वविद्यालय की छात्रा भव्या अरोड़ा को माइंड शेयर युवा, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित-2021 यंग स्कॉलर्स की राष्ट्रीय शोध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान मिला है। शोध पत्र का शीर्षक अंडरस्टैंडिंग हिंदू गोडेसेज एंड देयर रिप्रेजेंटेशन इन व्यास महाभारत था। भव्या वर्तमान में विवि की अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में महाभारत पर शोध कार्य कर रही है।

**उपमुख्यमंत्री से मिले लूटा पदाधिकारी**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) का प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा से मिला। संघ अध्यक्ष डॉ. विनीत वर्मा व महामंत्री डॉ. राजेंद्र वर्मा ने वर्ष 2020 व 2021 के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कारों के लिए आवेदन शुरू करने की मांग उठाई। (माई सिटी रिपोर्टर)

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# इकोनॉमिक एंपावरमेंट ऑफ वूमेन पर चर्चा

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में 'इकोनॉमिक एंपावरमेंट ऑफ वूमेन : लेसंस लर्न्ट एंड द वे फॉरवर्ड' पर एक राउंड टेवल सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें कैथरीन फिशर, पब्लिक डिप्लोमेसी ऑफिसर (उत्तर भारत) सुपरना मुखर्जी, अमेरिकी दूतावास की स्ट्रेटेजिक हेड, नई दिल्ली और रॉबिन वंसल, कल्चरल अफेयर्स स्पेशलिस्ट, उत्तर भारत कार्यालय का प्रो. निशी पांडे द्वारा स्वागत किया गया। वैठक के दौरान महिला आर्थिक स्वाधीनता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। सुश्री फिशर ने भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और महिला केंद्रित योजनाओं को वढ़ावा देने के लिए दूतावास द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# बीबीए कोर्स के लिए आईएटीओ से किया करार

लखनऊ। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज ने एनईपी 2020 के अनुसार बीबीए पर्यटन का पाठ्यक्रम तैयार किया है। जिसमें छात्रों को पढ़ाई के साथ रोजगार से जोड़ने के लिए भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ संस्थान ने आईएटीओ इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के साथ एमओयू किया है। जिसमें योग्य छात्रों को इंटर्नशिप के साथसाथ जॉब प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज की गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पर्यटन व्यवसाय में नई वितरण प्रौद्योगिकी पर एक पेपर शुरू किया जा रहा है।

THE PIONEER PAGE 4

**ROUNDTABLE ON ECONOMIC EMPOWERMENT OF WOMEN**

Women's Development Centre, University of Lucknow, organised a round-table on 'Economic empowerment of women: Lessons learnt and way forward' on Thursday. Public diplomacy officer (North India) Catherine Fischer; strategic head, US Embassy (New Delhi) Superna Mukherji; and cultural affairs specialist (North India office) Robin Bansal were welcomed by centre director Nishi Pandey. Fischer discussed the efforts being made by the embassy to promote women empowerment and women-centric schemes in India. Others focused on the efforts taken to increase wages for women, spreading awareness about legal rights and empowering them to manage their own finances, assisting them with legal documentation, encouraging their participation in sustainable development and eco-friendly projects.




JAGRAN CITY PAGE I

# 25 से यूजी प्रवेश परीक्षाएं कराने की तैयारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) 25 से 29 अगस्त तक स्नातक प्रवेश परीक्षाएं कराने की तैयारी कर रहा है। 14 अगस्त को होने वाली प्रवेश समिति की बैठक में इसकी तिथि और विस्तृत कार्यक्रम को पास कराया जाएगा।

लवि में इस बार स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिकार्ड 73,084 आवेदन आए हैं। इनमें स्नातक के 44,252 आवेदन शामिल हैं। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पहले 23 अगस्त से प्रवेश परीक्षाएं कराने की तैयारी थी, लेकिन 20 को मुहर्रम के कारण कार्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है। अब 25 से 29 अगस्त तक स्नातक के विभिन्न विषयों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं प्रस्तावित की गई हैं। 14 को प्रवेश समिति की बैठक में इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।


**पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड होंगे आज से:** 21 और 23 अगस्त को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र शुक्रवार शाम से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश पत्र अपलोड करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार शाम से अभ्यर्थी अपनी लागइन आइडी के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि लविवि एवं सम्बद्ध कालेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर दाखिले होने हैं। इसके लिए करीब 4,325 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

**25** से 29 अगस्त तक परीक्षाओं की तिथि का बनाया प्रस्ताव

**439** सीटों पर रेगुलर दाखिले

### मुहर्रम की वजह से बदली बीए की परीक्षा तिथि

लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 अगस्त को मुहर्रम की वजह से उस दिन होने वाली बीए छठे सेमेस्टर और तीन वर्षीय परीक्षाओं की तिथियां बदल दी हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष के भूगोल और होम साइंस की परीक्षाएं 21 अगस्त को होंगी, जबकि बीए छठे सेमेस्टर की 20 अगस्त को प्रस्तावित भूगोल और शारीरिक शिक्षा की परीक्षाएं 23 अगस्त को होंगी।



### छात्र कर सकेंगे इंटर्नशिप

इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म स्टडीज में बीबीए (टूरिज्म) के पाद्यक्रम में इंटर्नशिप को भी शामिल किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर में 24 क्रेडिट होंगे। कुल आठ सेमेस्टर का पाद्यक्रम होगा। समन्वयक डा. अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान ने हाल ही में इंडियन एसोसिएशन आफ टूर आपरेटर्स के साथ एमओयू किया है। इसके तहत छात्र-छात्राओं को चौथे सेमेस्टर के बाद दो महीने की इंटर्नशिप कराई जाएगी, जिसका मूल्यांकन पांचवें सेमेस्टर में होगा।

# नए सत्र से एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग की पढ़ाई

**प्रवेश परीक्षा, इंटरव्यू और ग्रुप डिस्कशन से होंगे दाखिले, लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने तैयार किया कोर्स**

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) नए सत्र से एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग कोर्स की शुरुआत करेगा। इसमें 60 सीटों पर दाखिले प्रवेश परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू के बाद मेरिट से लिए जाएंगे।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) यह कोर्स फुल टाइम प्रोफेशनल है। इस कोर्स को शुरू करने का उद्देश्य वित्त और लेखा में एक पेशेवर (प्रोफेशनल) डिग्री लेखाकार, निवेश बैंकर, व्यक्तिगत वित्त सलाहकार सहित विभिन्न प्रकार के करियर के लिए छात्रों को तैयार करना और विभिन्न फर्मों, कंपनियों, बैंकों, सरकारी विभागों एवं वित्त और लेखा विभागों में काम करने के योग्य बनाना है। कोर्स को पूरा करने पर छात्र यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा के लिए पात्र होगा। उन्होंने बताया कि कोर्स पूरा करने के बाद छात्र-छात्राओं को कंपनियों, बैंक, म्यूचुअल फंड, सीए फर्म, बीमा कंपनियों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, स्टॉक ब्रोकिंग एजेंसियों, निवेश और मर्चेंट बैंकिंग कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

एमकाम की 180 सीटों पर 1,453 आवेदन आए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 1,110 था। इस आधार पर 2021-22 में 30.9 प्रतिशत आवेदनों की वृद्धि हुई है।

PIONEER PAGE 3

# लखनऊ विश्वविद्यालय के आईटीएस स्टूडेंट्स तैयार कर सकेंगे क्रेडिट बैंक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लविवि के** इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज के स्टूडेंट्स प्रत्येक वर्ष के बाद प्रवेश, निकास प्रणाली की सुविधा के साथ छात्र अब एक क्रेडिट बैंक बनाने में सक्षम होंगे। जो पहले वर्ष के बाद एक प्रमाण पत्र, दूसरे में डिप्लोमा, तीसरे में डिग्री और चौथे वर्ष में शोध के साथ डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। एनईपी 2020 के अनुसार बीबीए पर्यटन के पाठ्यक्रम को मंजूरी देने के लिए विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई ऑनलाइन गवर्निंग बोर्ड की बैठक में इस पर सहमति दे दी गई है। प्रत्येक सेमेस्टर में 24 क्रेडिट, 8 सेमेस्टर में विभाजित पाठ्यक्रम पर्यटन क्षेत्र के नए तरीकों से समृद्ध है। जो छात्रों को इस क्षेत्र में करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करता है। प्रत्येक सेमेस्टर दो प्रमुख पेपरों का मिश्रण होता है और चौथे सेमेस्टर तक पर्यटन का ज्ञान प्राप्त होता है।

पांचवें सेमेस्टर के बाद वैकल्पिक विषयों को शामिल किया गया है जिसमें इनबाउंड, घरेलू टूर संचालन शामिल हैं आउटबाउंड टूर संचालन, एयरलाइन, कार्गो संचालन, एमआईसीई पर्यटन, एडवेंचर और वन्यजीव पर्यटन, वेलनेस एंड मेडिकल टूरिज्म एंड स्पेशल इंटरेस्ट टूरिज्म कार्यक्रम की यूएसपी होगी।

पूरे भारत में इस विषय को शामिल करने वाला पहला विवि लविवि है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के साथ संस्थान द्वारा हाल ही में किये गए एमओयू से योग्य छात्रों के लिए इंटर्नशिप के उद्घाटन के साथ-साथ जॉब प्लेसमेंट भी खुलेंगे। सातवां सेमेस्टर छात्रों को शोध के साथ साथ खुद को पर्यटन के शिक्षा क्षेत्र में बेहतर करने के लिए तैयार करेगा और आठवें सेमेस्टर में 24 क्रेडिट शामिल होंगे जो छात्र द्वारा तैयार की गई एक शोध परियोजना पर आधारित होंगे। पाठ्यक्रम उप्र में पर्यटन के अवसरों के लिए समर्पित एक संपूर्ण पेपर के साथ विरासत पर्यटन, डेस्टिनेशन भूगोल पर भी विशेष जोर देता है। पर्यटन सेवा क्षेत्र होने के कारण ग्राहक संबंध प्रबंधन जैसे नए पेपर भी पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं।